# Manasvi Vani

Date: 23/11/2021

## आईटीएस डेंटल कॉलेज में दस दिवसीय बाल दिवस कार्यक्रम का समापन









**मनस्वी वाणी संवाददाता**

मुरादनगर। दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में दस दिवसीय बाल दिवस का समापन हो गया। दस दिन तक चले उत्सव में कई प्रतियोगिता व रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जंयती पर आईटीएस डेंटल कॉलेज में दस दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं को आमंत्रित किया गया। इस दौरान छात्रों का निशुल्क ओरल परीक्षण किया गया और उपचार के उपायों से अवगत कराया गया। इस आयोजन में 25 से अधिक स्कूलों के लगभग 1500 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्रों छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया तथा अन्य सभी छात्रों को ड्राइंग कलरिंग किट, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किये गये।विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, नेत्रहीन स्कूलों और दिव्यांग बच्चों के लिये शिविर आयोजित किये गये जिसमें 25 स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 शिक्षकों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गयी और उन्हें दांतों की बीमारी के बारे में जागरूक किया गया।गाजियाबाद जिले और उसके आसपास के स्कूलों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुये, कॉलेज मैनेजमेंट ने बाल सप्ताह के दौरान लागू होने वाले इलाज के प्रस्तावों को प्रति बुधवार के लिये 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ाने का फैसला किया है।

# Dainik Jagran

Date: 24/11/2021

## विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में लिया भाग

जागरण संवाददाता, मुरादनगरः हाईवे स्थित आइटीएस डेंटल कालेज में चल रहे बाल दिवस सप्ताह का समापन हो गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म तिथि के उपलक्ष्य में प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की निश्शुल्क जांच कराई गई। उन्हें दंत रोगों और उनके इलाज के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही ग्राफिटी प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, लेखन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और



आईटीएस डेंटल कालेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं • सौ. कालेज

फ्लैश माब का आयोजन किया गया। कालेज के वाइस चेयरमैन डा. अर्पित चडढा ने बताया कि पूरे सप्ताह चले इन आयोजनों में लगभग 1500 बच्चों ने भाग लिया, जिन्हें कालेज की ओर से ड्राइंग-कलरिंग किट, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट दिये गये। कालेज में समय-समय पर इस तरह के आयोजन कराए जाते हैं। इनसे छात्रों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है।

# Dhara News

Date: 24/11/2021

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में धुमधाम के साथ बाल दिवस सप्ताह का आयोजन किया



धारा न्यूज संवाददाता

गाजियाबाद। आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ. आरपी चड्ढा एवं वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा के कुशल मार्गदर्शन से आईटीएस डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा दिनांक 11 नवंबर से 20 नवंबर तक बाल दिवस सप्ताह का आयोजन किया गया।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर हर साल 14 नवंबर को पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। नेहरू जी का बच्चों से बड़ा स्नेह था, और वह बच्चों को देष का भावी निर्माता मानते थे। बच्चों के प्रति उनके इस स्नेह भाव के कारण बच्चे भी उनसे बेहद लगाव और प्रेम रखते थे, और उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। यही कारण है कि नेहरू जी के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों को अपने दांत किस प्रकार स्वस्थ रख सकते है आदि से अवगत कराया गया तथा सभी बच्चों को प्रतिदिन दांतो को साफ रखने के बारे में भी बताया गया।

इस दिवस पर आई०टी०एस० डेंटल कॉलेज में गाजियाबाद के विभिन्न स्कूलों के बच्चों को गतिविधियों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी विभिन्न विद्यालयों से आये छात्रों का मुफ्त में ओरल परीक्षण भी किया गया तथा उसके उपचार के उपायों से भी अवगत कराया गया। बाल दिवस के अवसर पर आई०टी०एस० डेन्टल कॉलिज में ग्राफिटी प्रतियोगिता, फोटोग्राफी, लेखन प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक और फ्लैष मॉब जैसी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गयी। इस आयोजन में 25 से अधिक स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 से अधिक षिक्षकों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। इसके साथ ही संस्थान के बी०डी०एस० एवं एम०डी०एस० के विद्यार्थीयों ने भी बढ़-चढ़ कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आई०टी०एस० - द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कार से सम्मानित किया तथा अन्य सभी छात्रों को ड्राइंग कलरिंग किट, टूथब्रश एवं टूथपेस्ट भी वितरित किये गये। विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, नेत्रहीन स्कूलों और दिव्यांग बच्चों के लिये शिविर आयोजित किये गये जिसमें 25 स्कूलों के 1500 से अधिक बच्चों और 50 शिक्षकों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गयी और उन्हें दांतों की बीमारी के बारे में जागरूक किया गया। गाजियाबाद जिले और उसके आसपास के स्कूलों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुये, कॉलेज मैनेजमेंट ने बाल सप्ताह के दौरान लागू होने वाले इलाज के प्रस्तावों को प्रति बुधवार के लिये 31 दिसंबर, 2021 तक बढ़ाने का फैसला किया है। पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कक्षा में सर्वश्रेष्ठ और दर्द रहित दंत अनुभव प्रदान करने के लिए पहल की है। तथा बच्चों को विभिन्न नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम हुआ है। जिसमें लेजर ट्रीटमेंट, नाइट्रस-ऑक्साइड (लाफिंग गैस) डे केयर सिडेशन, कम्प्यूटरीकृत एनेस्थीसिया, आदि है। बच्चों और किशोरों के लिए दंत चिकित्सा आज के समय में पूर्ण रूप से दर्द रहित है।